डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

पत्रांकः लो0अ0वि0/परीक्षा/ 4074 /2023

दिनांकः 02/03/2023

अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **वार्षिक परीक्षा** के अन्तर्गत **स्नातक तथा परास्नातक** परीक्षा-2023 हेतु **आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र (मुख्य/भूतपूर्व) भरने की अन्तिम तिथि 02.03.2023 निर्धारित है, जिसे निम्नानुसार** विस्तरित की जाती है:-

विवरण	प्रारम्भ तिथि	अन्तिम तिथि
छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि	20-02-2023	20-03-2023
छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	20-02-2023	21-03-2023
महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधित करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करने की तिथि	20-02-2023	23-03-2023

उपर्युक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी एवं ऐसे छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

निर्देश

1. आनलाइन परीक्षा आवेदन-पत्र पूरित करने हेतु प्रथम/द्वितीय वर्ष के अनुक्रमांक अंकित करते हुए बेवसाइट www.rmlauexams.in पर आवेदन करें।
2. **छात्र/छात्रा महाविद्यालय में त्रुटिरहित परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ही जमा करना सुनिश्चित करेगें।**
3. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को पूरित करते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो सम्बन्धित छात्र/छात्रा ऐसी दशा में अपने आवेदित परीक्षा आवेदन पत्र का महाविद्यालय के स्तर से संशोधन कराना सुनिश्चित करेगें।
4. **स्नातक विषयों में पाठ्यक्रम अवधि 06 वर्ष एवं परास्नातक विषयों में पाठ्यक्रम अवधि 04 वर्ष** पूर्ण होने के उपरान्त भी यदि छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूरित किया जाता है एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा सत्यापित/वेरीफाई किया जाता है उसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र/छात्रा एवं महाविद्यालय की होगी। उक्त पूरित किये गये परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माने जायेगें।
5. सम्बन्धित महाविद्यालय आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र से सम्बन्धित छात्रों की सत्यापित सूची परीक्षा विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
2. सहायक कुलसचिव/प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी/कुलसचिव, वित्तअधिकारी/कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
5. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी।
6. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को अपलोड करने एवं आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।
7. कार्यालयीय प्रति।

परीक्षा नियंत्रक